राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2022

चर्चा में क्यों?

9 मई, 2022 को जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र पर आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2022 का समापन हो गया। इसकी शुरूआत 30 अप्रैल को हुई थी।

प्रमुख बिंदु

- इस मेले में कारोबार एवं डिसप्ले की दृष्टि से समितियों को पुरस्कृत किया गया है। इनमें बिक्री के आधार पर शीर्ष संस्थाओं में प्रथम स्थान पर कॉनफैड, द्वितीय स्थान पर तिलम संघ व तृतीय स्थान पर जयपुर डेयरी रहा।
- क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में प्रथम स्थान भीनमाल, दूसरा स्थान मथानिया एवं तीसरा स्थान आबूरोड का रहा। इसी तरह से ज़िला उपभोक्ता भंडारों की श्रेणी में कोटा, उदयपुर व जोधपुर क्रमश: पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- सर्वश्रेष्ठ डिसप्ले के आधार पर राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं में कृभको, इफको तथा शीर्ष सहकारी संस्थाओं में राजफैड, कॉनफैड, तिलम संघ, जयपुर डेयरी एवं अपैक्स बैंक को सम्मानित किया गया।
- राज्य विशेष के विशिष्ट उत्पादों एवं मसालों की बिक्री एवं प्रदर्शन हेतु मार्केटफैड केरल, इरोड, पंजाब, टैनफैड तमिलनाडु की सहकारी संस्थाओं को सम्मानित किया गया।
- ज़िला उपभोक्ता भंडारों की श्रेणी में उदयपुर, श्रीगंगानगर व कोटा क्रमश: पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार केवीएसएस की श्रेणी में नागौर, आबूरोड एवं जोधपुर क्रमश: पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-co-operative-masala-mela-2022-1